NT>

Title: Need to provide telephone connections to the Telephone Advisory Committee (TAC) members of Mohanlal Ganj Constituency in Uttar Pradesh, immediately.

श्रीमती रीना चौधरी (मोहनलालगंज) : अध्यक्ष महोदय, इस सदन में बैठे हुए सांसदों को ज्ञात होगा कि संसद के सभी सदस्यों से उनके संसदीय क्षेत्र में टी.ए.सी. के पांच-पांच सदस्य बनाने हेतु अनुशंसाएं मंत्रालय द्वारा मांगी गई थीं। मैंने भी अपने संसदीय क्षेत्र के पांच नामों की अनुशंसा मंत्रालय को प्रेति कर दी जिसका स्वीकृति पत्र भी मुझे मंत्रालय की ओर से प्राप्त हो गया है, लेकिन मुझे आश्चर्य इस बात का है कि इतना समय बीतने के बाद भी मेरे द्वारा अनुशंसित पांच व्यक्तियों में से केवल एक का टेलीफोन लगा है और चार का नहीं लगा। जबकि आज हिन्दुस्तान के सभी सांसदों द्वारा अनुशंसित टी.ए.सी. सदस्यों के टेलीफोन लग चुके हैं। मैं आपके माध्यम से मांग करती हूं कि बाकी चार टी.ए.सी. मैम्बरों के टेलीफोन भी तत्काल लगाए जाएं क्योंकि समय व्यतीत होता जा रहा है और यह इस अ वधि की भी उनके दो र्वा के कार्यकाल में से कटौती होगी। मेरा संसदीय क्षेत्र मोहनलालगंज है।